# सोनभद्र पुलिस

## प्रेस विज्ञप्ति

**दिनांक- 07.09.2026**

- **वारण्टी एवं वांछित अभियुक्तों पर सोनभद्र पुलिस का शिकंजा**
- **02 दिवसीय विशेष अभियान में बड़ी कार्रवाई**
- **90 वारण्टी एवं 05 वांछित समेत कुल 95 अभियुक्त गिरफ्तार**

पुलिस अधीक्षक सोनभद्र **श्री अभिषेक वर्मा** के निर्देशन में मा0 न्यायालय द्वारा निर्गत वारण्टों के शत-प्रतिशत अनुपालन एवं विभिन्न अभियोगों में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु जनपद में **02 दिवसीय विशेष अभियान (दिनांक 06.09.2026 व 07.09.2026)** चलाया गया।

उक्त अभियान को प्रभावी एवं सफल बनाने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) सोनभद्र **श्री ऋषभ रूणवाल** एवं अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) सोनभद्र **श्री अनिल कुमार** के निर्देशन में तथा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों के अपने-अपने सर्किल में कुशल पर्यवेक्षण में समस्त थाना प्रभारियों एवं पुलिस टीमों द्वारा विशेष अभियान चलाकर **वारण्टी एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी** हेतु सघन कार्रवाई की गयी।

अभियान के दौरान जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए विभिन्न मुकदमों में मा0 न्यायालय द्वारा निर्गत वारण्टों के आधार पर **कुल 90 नफर वारण्टी अभियुक्तों** तथा विभिन्न अभियोगों में **वांछित 05 नफर अभियुक्तों** सहित **कुल 95 अभियुक्तों** को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए उन्हें मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

सोनभद्र पुलिस द्वारा वारण्टी एवं वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध चलाया जा रहा यह विशेष अभियान अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्रवाई है। मा0 न्यायालय से निर्गत वारण्टों का अनुपालन एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सोनभद्र पुलिस की प्राथमिकताओं में शामिल है तथा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## थाना-वार गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण

| | |
|---|---|
| राबर्ट्सगंज | 16 |
| चोपन | 10 |
| करमा | 8 |
| घोरावल | 5 |
| शाहगंज | 5 |
| पन्नूगंज | 1 |
| रायपुर | 2 |
| ओबरा | 4 |
| कोन | 5 |
| जुगैल | 3 |
| दुद्धी | 6 |
| विण्ढमगंज | 4 |
| म्योरपुर | 3 |
| बीजपुर | 4 |
| पिपरी | 7 |
| अनपरा | 8 |
| शक्तिनगर | 3 |
| महिला थाना रा0गंज | 1 |
| **योग** | **95** |

## सोनभद्र पुलिस का स्पष्ट संदेश

मा0 न्यायालय से निर्गत वारण्टों के अनुपालन एवं विभिन्न अभियोगों में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर सोनभद्र पुलिस पूरी तरह प्रतिबद्ध है। **अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई का यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।**